राजस्थान सरकार
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू
E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-250362, Website: lcc.ac.in

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

दिनांक :– 06/06/2026

## प्रेस नोट

### विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम (FLCSP) - फ्रेंच (FRENCH) भाषा में प्रवेश

राजस्थान सरकार के कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय और अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (EFLU), हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए फ्रैंच (FRENCH) भाषा सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है।
इस पाठ्यक्रम से संबंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :

**1. पाठ्यक्रम का विवरण**

- स्तर : CEFR A1 (अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शुरुआती स्तर)
- अवधि : 4 महीने (16 सप्ताह)।
- कुल शिक्षण घंटे : 160 घंटे (प्रतिदिन 2 घंटे, सप्ताह में 5 दिन)।
- शिक्षण मोड : कॉलेज परिसर में लाइव ऑनलाइन कक्षाएं।
- बैच : सुबह और शाम के दो बैच उपलब्ध हैं।

**2. प्रवेश हेतु पात्रता और प्राथमिकता**

- पात्रता : वर्तमान में नामांकित स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थी, पूर्व छात्र, या 18–35 वर्ष के राजस्थान निवासी (नियमित मोड में 12वीं उत्तीर्ण)।
- चयन का आधार : प्रवेश मुख्य रूप से 12वीं कक्षा के अंकों की मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।
- सीटों की संख्या : इस भाषा के लिए अधिकतम 200 सीटें निर्धारित हैं।

**3. शुल्क संरचना (एकमुश्त और अप्रतिदेय)**

- सरकारी और राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के छात्र रु. 1,000/–
- निजी कॉलेजों के छात्र और अन्य पात्र राजस्थानी निवासी रु. 2,000/–

**4. आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज**

विद्यार्थियों को आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगे :

- कक्षा 12 की अंकतालिका।
- राजस्थान मूल निवास प्रमाण–पत्र।
- संस्थान द्वारा निर्धारित अन्य आवश्यक दस्तावेज।

**5. मूल्यांकन और प्रमाणन**

- अनिवार्य उपस्थिति : अंतिम परीक्षा में बेठने के लिए कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
- परीक्षा : कुल 100 अंकों की परीक्षा होगी (सुनना–30, पढ़ना–30, बोलना–20, लिखना–20)।
- प्रमाण–पत्र : सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने पर EFLU, हैदराबाद द्वारा 'प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेट' प्रदान किया जाएगा, जो शैक्षणिक और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में मान्य है।

संपर्क : इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी और आवेदन–पत्र के लिए महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के डॉ. सुमेर सिंह (मो. नं. 7976751806) नोडल अधिकारी एवं डॉ. संजु झाझड़िया (मो. नं. 9413743420), सह–नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

**प्राचार्य**
**राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**